जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

मामनुस्मर युद्ध्य च
जयन्ती प्रकाशन लक्ष्मणगढ़

भारत सरकार पंजीसन नं. : 72322/91

शेखावाटी सन्मार्ग

नमोस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै।
नमोस्तु रुद्रेन्द्र यमानिलेभ्यो नमोस्तु चन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः।।

सतीनां वै सतांचैव दातृणां विदुषा तथा।
आकरं गुण शीलानां लक्ष्मणदुर्गं मनोहरम्।।

Mob: 9828665353
Web: www.srrividya.com

पाक्षिक/वर्ष-32/अङ्क - 1 | लक्ष्मणगढ़ 16 अक्टूबर 2021 | मूल्य (विशेषाङ्क सहित) 100/- रु.वार्षिक

चामुंडा की अनन्य भक्त ओमल-सोमल

सलेदीपुरा में 1200 साल पुराना ओमल-सोमल का मंदिर, चौखट पर अंकित है मां के नौ रूप। खंडेला से आठ किमी दूर पहाड़ियों के बीच सलेदीपुरा में 1200 साल पुराना ओमल सोमल देवी का मंदिर है। यह वास्तुकला का नायाब उदाहरण है। इस योगिनी मंदिर का निर्माण शिल्पकारों द्वारा कठोर पत्थर पर कलाकृतियों के साथ किया गया। कठोर पत्थर की दीवार में दुर्गा, चामुंडा माता सहित कई देवी देवताओं की मूर्ति उकेरी हुई है। तत्कालीन संग्रहालय अध्यक्ष व कोटा आर्कियोलोजी विभाग के संभागीय अधीक्षक उमरावसिंह बताते हैं कि मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में प्रतिहार शासन में ओमल सोमल देवी की स्मृति में माना जाता है। यहां एक ही पत्थर से बने सभामंडप पर 12 राशियां अंकित हैं। चौखट पर दुर्गा मां के 9 रूप अंकित हैं।

मंदिर के बाहर बनी हुई है ओमल- सोमल की समाधि

आर्कियोलॉजिस्ट गणेश बेरवाल बताते हैं कि इस इलाके में योगिनी मंदिर की पूरी श्रृंखला है। ओमल सोमल चामुंडा मां व शिव परिवार की अनन्य भक्त थीं। मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने ओमल-सोमल देवी की समाधि बनी हुई है। सर्वे में गर्भ गृह में मूर्ति नहीं मिली.

चामुंडा मंदिर की दीवार में 8 भुजाओं •वाली चामुंडा मां की मूर्ति जड़ी हैं। जो नर मुंड की माला धारण किए है।

मंदिर में मौजूद मूर्तियों की खासियत दुर्गा माता : 6

भुजाओं वाली दुर्गा प्रतिमा में बारीक कारीगरी की है। हाथ

में डमरू खट्वांग, सर्प लिए हुए है।

गजलक्ष्मी : मुख्य द्वार के स्तंभ पर लगी प्रतिमा का दो हाथियों द्वारा अभिषेक किया जा रहा है। कुबेर दूसरे स्तंभ पर चौकी पर कुबेर विराजमान हैं।

दुर्गाष्टमी पर जीण माता का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई

जयंती मंगला काली,
भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री,
स्वाहा स्वधा नमोस्तुते ।।

लक्ष्मणगढ़ के लोगों को मिली 1223 लाख की तीन सड़कों की सौगात

सीकर राज्य सरकार ने शिक्षा राज्य मंत्री की अनुशंसा पर लक्ष्मणगढ़ को 33 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत की है। इन सड़कों के निर्माण पर 1223 लाख का खर्चा होगा।

सनवाली से दंतुजला, खूड़ी डूकिया भूमा बड़ा और नरसास पुननी की 16.50 किलोमीटर सड़क 578. 50 लाख से बनेगी। इसी तरह जाजोद मुख्य चौक से पहाड़िया मोहल्ला तक 1.50 किलोमीटर की सड़क 120 लाख से बनेगी।

वही ढोलास से खीरवा, बगड़िया का बास की 15 किलोमीटर सड़क 525 लाख से तैयार होगी।

इन सड़कों के बनने से लक्ष्मणगढ़ इलाके के 80 से अधिक गांव ढाणियों के लोगों को राहत मिलेगी। इलाके में अब तक सड़कों के प्रोजेक्ट पर लगभग 2000 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। सड़कों के स्वीकृत पर इलाके लोग के लोगों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया ।

हर क्षेत्र में आगे लक्ष्मणगढ़

लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस बार विकास कार्यों का नया रिकॉर्ड लगातार कायम हो रहा है। अब तक नई सड़कें, जीएसएस, सरकारी महाविद्यालय, नेचर पार्क, मिनी खेल स्टेडियम, सहित अन्य सैकड़ों कार्य स्वीकृत हो चुके हैं

अलखपुरा गोदारान में भाजपा नेता का अभिनंदन

लक्ष्मणगढ़. अलखपुरा गोदारान में भाजपा नेता रतनलाल व जिल परिषद सदस्य कौशल्या देवी गोदारा के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां का स्वागत किया गया।

इस दौरान किसान मोर्चा वे प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्रा गिठाला का अभिनंदन किया गया।

सम्पादकीय

“ सन्मार्ग एव सर्वत्र पूज्यतेनाऽपथः क्वचित् ”

“ राम रावनयोर्युद्धं-रामरावनयोरिव “

भगवान् श्रीरामकी आज्ञासे नल और नीलने समुद्रपर सुन्दर सेतुकी संरचना कर दी। फिर धीरे-धीरे वानरोंकी सम्पूर्ण सेना उस सेतुसे समुद्रके उस पार पहुँच गयी। सुग्रीवने उस वीर वानरसेनाके ठहरनेकी यथोचित व्यवस्था की। यह विशाल सैन्यसमूह एक महासमुद्रके समान जान पड़ता था। वानरोंकी इस विशाल सेनाने लंकाको चारों ओरसे घेर लिया। लंकाके घेरे जानेकी बात सुनकर रावणको बड़ा क्रोध हुआ और उसने नगरकी रक्षाका प्रबन्ध पहलेसे दुगुना कर दिया।



तब भगवान् श्रीरामने वानरोंको लंकापर आक्रमणकी आज्ञा दे दी। वानर-सैनिक लंकाके परकोटोंपर चढ़ गये तथा वृक्षों और पत्थरोंके प्रहारसे उन्हें तोड़ने लगे। उन लोगोंने लंकाके चारों ओरकी जलसे भरी खाइयोंको पर्वत-शिखरों और वृक्षोंसे पाट दिया। तदनन्तर रावणकी प्रेरणासे राक्षस सैनिक भी युद्धके लिये निकलने लगे। वानरों एवं राक्षसोंके बीच घोर युद्ध शुरू हो गया। राक्षस दमकती हुई गदाओं, शक्ति, शूल और फरसोंसे वानरोंको मारते थे, उसी प्रकार वेगशाली विशालकाय वानर भी बड़े-बड़े वृक्षों, पर्वत-शिखरों, नखों और दाँतोंसे उनपर चोट करते थे। इस प्रकार राक्षसों और वानरोंमें बड़ा घमासान युद्ध हान लगा। देखनेपर यह युद्ध दूसरा देवासुर संग्राम जान पड़ता था। धरती रक्त और मांसकी कीचसे पट गयी। इन्द्रजित् मेघनादने अंगदपर गदाका प्रहार किया, किंतु बलशाली अंगदने उसकी गदाको पकड़ लिया और उसी गदासे इन्द्रजितके सुवर्णजटित रथको सारथि और घोड़ोंसहित चूर-चूर कर डाला। हनुमान्जीने जम्बुमालीपर थप्पड़का प्रहार किया और वह तत्काल यमलोक सिधार गया। श्रीलक्ष्मणने अपने तीखे बाणों से विरूपाक्षको मौतके घाट उतार दिया। सुषेणके प्रहार से विद्युन्माली मारा गया। भयंकर युद्धके बाद अन्तमें श्रीरामके हाथों महाबलशाली कुम्भकर्ण तथा लक्ष्मणसे युद्ध करते हुए मेघनाद भी मारा गया। धीरे-धीरे इस युद्धमें रावणके सभी पुत्रोंसहित उसके प्रधान सेनापति मृत्युके ग्रास बन गये और रावण अकेला रह गया। वह दुःख और क्रोधसे पागल हो गया। उसने सारथिको बचे हुए सैनिकोंके साथ अपने रथको युद्धभूमिमें ले चलनेकी आज्ञा दी। फिर वह श्रीरामके निकट जाकर क्रोधसे लाल आँखें किये उनपर बाणोंकी वृष्टि करने लगा। भगवान् श्रीरामने भी रावणके बाणोंको काटकर उसपर विषैले बाणोंकी झड़ी लगा दी। सम्पूर्ण आकाश वर्षाके मेघोंके समान बाणोंसे ढक गया। दोनों ही महान् धनुर्धर और युद्धकलामें निपुण थे तथा अस्त्रवेत्ताओं में श्रेष्ठ थे, अतः दोनों योद्धा कालकी भाँति रणभूमिमें विचरने लगे। श्रीराम-रावणका वह युद्ध न रातमें बन्द होता था और न दिनमें। वे एक क्षणके लिये भी विश्राम नहीं लेते थे।

युद्धको निरन्तर बढ़ता देखकर देवराज इन्द्रके सारथि मातलिने कहा-'प्रभो! आप इस देवशत्रुके वधके लिये ब्रह्मास्त्रका प्रयोग करें। देवताओंने इसके विनाशके लिये जो समय बताया था, वह अब आ पहुँचा है।' तब भगवान् श्रीरामने क्रोधित होकर एक परम तेजस्वी बाण हाथमें लिया और अत्यन्त कुपित होकर बड़े जोरके साथ धनुषको खींचा तथा उस मर्मभेदी बाणको रावणपर चला र दिया। उस बाणने रावणके हृदयको विदीर्ण कर दिया। इस प्रकार वह महातेजस्वी राक्षस प्राणहीन होकर पृथ्वीपर गिर पड़ा। [वाल्मीकीय रामायण]

शशिकान्त जोशी
सम्पादक

अमरसर के शेखागढ़ में 500वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया

शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखाजी की जयंती मनाई शेखागढ़ के मूल भवन के जीर्णोद्धार का संकल्प लियाअमरसर कस्बे के शेखागढ़ में शुक्रवार को अखिल महाराव शेखा संस्थान के बैनर तले संस्थान के स्थाई अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्रसिंह की अध्यक्षता में महाराव शेखाजी की 588वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान हुई बैठक में आगामी एक वर्ष में मूल शेखागढ़ का जीर्णोद्धार कराने का सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया। इस दौरान कस्बे के बस स्टैंड स्थित ऐतिहासिक छतरियों से पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफिला रवाना होकर शेखागढ़ पहुंचा।

महाराव शेखाजी की जन्मस्थली में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना कर महाराव शेखाजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान हुए कार्यक्रम में राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि महाराव शेखा संस्थान के संविधान में आवश्यक संशोधन कर महिला, युवा व प्रवासी प्रकोष्ठ गठन किया जाएगा। सिंह ने कहा कि आगामी एक वर्ष में गढ़ के मूल स्वरूप के जीर्णोद्धार कार्य को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।संस्थान के अध्यक्ष जालिमसिंह आसपुरा व प्रदेशसचिव संपत सिंह धमोरा ने संस्थान के विस्तार गठन व आगामी रूपरेखा पर जानकारी दी। गढ़ के मूल स्वरूप के जीर्णोद्धार को लेकर शिक्षाविद मानसिंह पीथलपुर ने विस्तृत रूपरेखा के बारे में अवगत करवाते हुए समाज के लोगों से सुझाव आमंत्रित किए। कार्यक्रम के दौरान देहात अध्यक्ष हरिसिंह खेलना, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह भोनावास, रामवतार सिंह शेखावत, सरपंच मदन सिंह शेखावत, अमरसिंह शेखावत, श्रवण सिंह महरोली, सुमेर सिंह सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए।

बैठक में धूड़सिंह भोजावास ने जीर्णोद्धार कार्य के लिए दो लाख, नरपत सिंह कल्याण सिंह ललाना ने एक लाख, शेखावत समाज दिवाराला व धमोरा ने 51-51 हजार संस्थान को एक महीने में देने की घोषणा की । संस्थान के प्रदेश महासचिव संपत सिंह धमोरा ने संबोधित किया। महाराव शेखा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। जयंती समारोह में शेखावत समाज के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्र के कई गांव के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

शस्त्र पूजन किया, महाराव शेखाजी की जयंती मनाई

मूंडरू | कस्बे के कोल्डी चौक में स्थित बड़ा दरवाजा के पास राजपूत इ समाज के लोगों ने महाराव शेखाजी की जयंती मनाई। दीपूसिंह ने बताया र कि राव शेखाजी स्वाभिमान, संप्रभुता, शौर्य, सद्भावना और मर्यादा रक्षा के आदर्श हैं। उनके बलिदान को युगों-युगों तक याद किया जाएगा। लाखन सिंह ने बताया कि राव शेखा जयंती मनाने से पूर्व जालपाली धाम स्थित व सीताराम मंदिर में राजपूत अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना करके दशहरे का र दहन किया गया। इस दौरान गजराज सिंह, विजेंद्र सिंह, हेमू सिंह, दीपेंद्र र सिंह, बजरंग सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह सहित राजपूत न समाज के कई व्यक्ति मौजूद रहे।

पूजा ने सीएम में परचम लहराया

लक्ष्मणगढ़.वार्ड 23 निवासी आत्माराम मिश्र की पुत्री पूजा मिश्र ने सीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर परचम लहराया। पूजा ने बालिका शिक्षा में अग्रणी संस्थान कस्बे की श्री रघुनाथ बालिका महाविद्यालय से स्नातक किया। विभिन्न संगठनों की ओर से होनहार का अभिनंदन किया गया।

लिसाड़िया में हत्या के लिए आए थे दो गैंग के गुर्गे, पुलिस पर दागी थी गोली

पुलिस पर फायरिंग करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

श्रीमाधोपुर. इलाके के लिसाड़िया गांव में बुधवार रात को पुलिस पर फायरिंग करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं गोली लगने से घायल हुए इनके साथी को रैफर किया गया है। आरोपी एआरजी व ओम नमः शिवाय गैंग के सुपारी किलर हैं। जो दस लाख रुपए की सुपारी लेकर लिसाडिया में भरत यादव की हत्या करने के लिए आए थे, लेकिन वारदात से पहले ही इनका पुलिस से सामना हो श्रीमाधोपुर थानाधिकारी करण सिंह ने बताया कि आरोपी यूपी के आगरा के पिनाट थाना इलाका व हाल निवासी बस्सी, जयपुर निवासी प्रेमकुमार शर्मा (27) पुत्र दीनानाथ उर्फ दिनेश, अलवर के प्रतापगढ़ निवासी सीताराम मीणा (19) पुत्र जगदीश प्रसाद जाति मीणा, कोटा के केथुनीपोल निवासी श्याम खत्री उर्फ शिवा (27) पुत्र नूतनदास, जयपुर के भैसलाना सरुण्ड निवासी अजय सिह (34) पुत्र गिरवर सिंह राजपूत व सोनु (24) पुत्र राजेन्द्र सिह तथा प्रागपुरा निवासी मनोज पाण्डु (22) पुत्र नाथुराम है। आरोपियों से पुलिस ने दो लोडेड देशी कट्टे व 18 कारतूस के अलावा दो मास्टर चाबी, तीन लोहे की राड व एक जीप जब्त की गई है। आरोपियों के दो बाइक सवार साथी राकेश यादव व मनीष मीणा भाग गए। इनके पास दो पिस्टल थी। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।थानाधिकारी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि अणतपुरा निवासी भरत यादव की हत्या के लिए लिसाडिया निवासी राकेश यादव ने एआरजी गैंग के मुखिया अजय सिंह को 10 लाख रुपए में सुपारी दी थी। जिसके लिए गैंग ने मध्य प्रदेश से डेढ़ लाख रुपए में हथियार खरीदे थे। जिसके बाद अजय ने भरत की हत्या के लिए पांच बार रैकी भी की।

लेकिन वो सफल नहीं हो पाया। अजय सिंह ने ओम नमः शिवाय गैंग के मुख्य सरगना मनोज पांडे को भी शामिल कर लिया था व बुधवार को आरोपी भरत की हत्या के लिए ही लिसाडिया पहुंचे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर। पहुंच गई। जिसने जीप सवार सात बदमाशों को तो घेर कर दबोच लिया, लेकिन बाइक सवार आरोपी भागने में कामयाब हो गए।

वहीं, पुलिस पर फायरिंग के दौरान घायल हुआ आरोपियों का साथी सुराणा मनोहरपुरा निवासी श्रीराम का जयपुर में उपचार चल रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ हत्या, लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ में बड़े खुलासे होने की संभावना है।

10 मिनट पहले पहुंच जाती पुलिस तो हो सकती थी बड़ी घटना

थानाधिकारी खंगारोत ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी हथियारबंद बदमाश लिसाडिया व नांगल के बीच शराब पी रहे हैं। जो बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस निकलने वाली ही थी कि नीमकाथाना सीओ थाने पर आ गये जिनसे 10 मिनिट चर्चा कर लिसाडिया की सूचना बतायी व पुलिस जाप्ता लिसाडिया के लिए रवाना हो गया।

पुलिस जाब्ते के साथ लिसाडिया पहुंची तो आरोपी गांव में आते दिखे जिनकी जीप के सामने पुलिस ने अपनी गाड़ी लगा दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की गाड़ी को घेर लिया व थानाधिकारी ने उनकी जीप से चाबी निकालने की कोशिश की तो एक आरोपी ने उन पर देशी कट्टे से फायर कर दिया।झुकने पर थानाधिकारी तो बच गए, लेकिन गोली उनके ही साथी श्रीराम के हाथ पर जा लगी। इसी दौरान पुलिस ने चारों तरफ से घेर कर सभी आरोपियों को दबोच लिया। अगर सीओ नीमकाथाना थाने पर नहीं आते तो पुलिस 10 मिनिट पहले लिसाडिया पहुंच जाती व आरोपियो व पुलिस का आमना सामना जोहडे में खुली जगह पर होता, जहां आरोपी व पुलिस के बीच गोलीबारी में जन हानि भी हो सकती थी।

मंडी पर ताला: 30 करोड़ का कारोबार प्रभावित

श्रीमाधोपुर. कस्बे की अ श्रेणी अनाज मंडी में गुरुवार को किसानों की मूंगफली की बोली नहीं लगने से गुस्सए किसानों ने मंडी के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। क वर्ग व्यापार संघ के पदाधिकारियो का कहना है कि मंडी में माल की 15000 बोरी प्रतिदिन आवक है, जिसकी नीलामी के लिए 4 दिन पहले

प्रशासन को हर दुकान पर तीन मिनट का समय तय कर पांच ढेरी की बोली लगाने की बात कही थी, लेकिन मंडी सचिव का स्थानांतरण होने से व्यवस्था नहीं बनी जिससे गुरुवार को बोली नहीं लग सकी। पलसाना मंडी सचिव को यहां की मंडी का चार्ज दिया गया है। शुक्रवार को उनके आने के बाद ही बोली चालू होगी।

गोमाता संस्कृति की प्राण हैं, इनकी रक्षा करने से ही विकास संभव : श्री दत्तशरणानंद

सुरभि गोसंदेश यात्रा के सीकर आगमन पर सभा व गोष्ठियों का आयोजन, संतों ने दिया गोरक्षा पर बल

धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती, जिलेभर में हुए कार्यक्रम

'समाजहित में एकजुट हों अग्रबंधु

सीकर अग्रवाल समाज प्रन्यास की ओर से अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन सुभाष चौक स्थित मकराना महल में हुआ। कार्यक्रम रूपाना धाम के संत पवन कुमार के सांनिध्य में हुए। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्त, आरसी गुप्त, तहसीलदार योगेश अग्रवाल, नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता रविन्द्र जैन ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बीसूका उपाध्यक्ष कांता प्रसाद मोर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रन्यास के अध्यक्ष महेश कुमार टीबड़ा ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। प्रन्यास के मंत्री अरुण फागलवा ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद प्रन्यास के मंत्री ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सेवा कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ज्ञानप्रकाश गुप्त ने कहा कि समाज को शिक्षा के दम पर तरक्की की नई कहानी लिखनी होगी। कार्यक्रम में रूपाना धाम भीमसर के संत पवन महाराज ने समाज में दहेज प्रथा सहित अन्य कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि समाज के बुजुर्ग व महिलाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह युवा पीढ़ी को बेहतर संस्कारों का पाठ पढ़ाए। कार्यक्रम को तहसीलदार योगेश अग्रवाल, महिला श्रमदान मंडल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया इससे पहले समाज की महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा के जरिए स्वागत किया गया। शाम को भजन संध्या हुई। इसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को रिझाया।

एकजुटता का संकल्प

लक्ष्मणगढ़ अग्रवाल पंचायत एवं महिला मंडल संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को बैरागड़ा भवन में अग्रेसन जयती समारोह का आयोजन किया गया।

समाज के संदीप बजाज ने बताया कि इस मौके पर अग्रवाल समाज के आराध्य भगवान अग्रसेन महाराज की महाआरती कर भजन संध्या आयोजित की गई। भजन संध्या में प्रख्यात गायक कलाकार पवन निर्मल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज नें संगीत लहरियां बिखेरी। इस मौके पर अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सुरेश मोदी मंत्री पवन गोयनका, दीपक जाजोदिया, अंकित खाटूवाला, सुशील जाजोदिया, महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष चूड़ीवाला, मंत्री सुधा जाजोदिया, कोषाध्यक्ष रेणु सराफ, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अतुल जाजोदिया, मंत्री दिनेश बजाज, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश जाजोदिया सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

लक्ष्मणगढ़. डांडिया दंगल का आयोजन

लक्ष्मणगढ़. मुकुंदगढ़ रोड़ पर बगडिया बाल विद्या निकेतन में लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद महिला व युवा प्रकोष्ठ की ओर से डांडिया दंगल का आयोजन किया गया।

समारोह में देर रात्रि तक महिलाएं व युवतियां झूमते नजर आए। कार्यक्रम में सैकड़ो की तादाद में मौजूद महिलाओं के समूह ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर डांडिया नृत्य से जुड़ी विविधस्पर्धाओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार वितरित किए गए।

झुंझुनूं: हर पांचवें दिन उखड़ रहा एक एटीएम, सुराग नहीं चिड़ावा में 12 लाख से भरा एटीएम उखाड़ ले गए चोर जिले की सभी वारदात का तरीका एक जैसा

झुंझुनूं/चिड़ावा. जिले में चोर हर पांचवें दिन एक एटीएम उखड़कर ले जा रहे हैं। पिछले दिनों सूरजगढ़ व बुहाना से चार एटीएम उखाड़ने के बाद चोर गुरुवार रात चिड़ावा शहर से भी एटीएम उखाड़कर ले एटीएम में 12 लाख 60 हजार पांच सौ रुपए भरे थे।"

चिड़ावा में मंड्रेला बाइपास चौराहे पर एसबीआई बैंक का एटीएम लगा है। रात करीब दो बजे के बाद कार में सवार होकर आए बदमाशों ने पहले शटर के ताले तोड़े। इसके बाद एटीएम को गाड़ी से रस्से से बांधकर उखाड़ ले गए।

चाय पीने चलेगए गार्ड

एटीएम की सुरक्षा में दो होमगार्ड विजेंद्र और सुरेंद्र को लगा रखा था। जो वारदात से कुछ देर पहले ही चाय पीने के लिए चले गए। पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी भी करवाई। मगर लुटेरे हाथ नहीं आए। उधर, पुलिस को सूरजगढ़ थाने के बड़सरी का बास गांव में एटीएम मशीन पड़ी होने की जानकारी मिली। जिसे नया बस स्टैंड चौकी प्रभारी बलवीर चावला ने जब्त कर लिया

पांच वारदात,

एक ही तरीका कार में सवार होकर आते

हैं बदमाश।

गाड़ी से एटीएम को रस्सी से बांधकर उखाड़ते हैं।

एटीएम को गाड़ी में डालकर ले जाते

वारदात स्थल से कुछ किमी की दूरी पर एटीएम काटकर रुपए निकालते हैं।

आरोपियों ने टोल पर पर्ची भी कटवाई

चारवात के बाद लुटेरे गाड़ी से सूरजगढ़ होते हुए फरार हुए। सूरजगढ़ के पास रघुनाथपुरा टोल बूथ पर संदिग्ध गाड़ी नजर आ रही है। जिसमें कुछ युवक बैठे हुए हैं। कैमरे में स्प्रे से पहले के फुटेज भी नजर आ रहे हैं। जिसमें दो युवक एटीएम में घुसकर कैमरों पर स्प्रे

ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ

सीकर | कल्याण आरोग्य सदन सांवली में जानकी देवी बजाज ग्राम विकास संस्था पुणे के सौजन्य से निर्मित ऑक्सीजन प्लांट का सोमवार को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ ट्रस्ट के चेयरमैन चन्द्रप्रकाश त्रिपाटी ने किया। ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता 550 लीटर प्रति मिनट है। कार्यक्रम में एडीएम. धारासिंह मीणा, सोमनाथ त्रिहन, कांताप्रसाद मोर, सज्जन सिंह शेखावत, भोपाल सिंह, एसके हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. महेन्द्र सिंह खींचड़, डॉ. योगेश अग्रवाल, एनआर ढाका, जानकी देवी ट्रस्ट के मदन सिंह, अनिल भण्डारी, रणधीर पाटील, अनिल गुप्त, वैभव कुमारी, श्रीराम पिलानिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

लक्ष्मणगढ़ | राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पूरे उपखंड में श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य कुरड़ाराम धाभाई, पार्षद मोहम्मद शाहिद हुसैन, पार्षद अब्दुल सत्तार, पार्षद लालचंद, एडवोकेट साजिद तमाला आदि उपस्थित थे।

संघ प्रमुख की चेतावनी 'धर्मांतरण व जनसंख्या वृद्धि दर में अंतरराष्ट्रीय एकता के लिए संकट'

नागपुर | आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आबादी में असंतुलन को लेकर चेतावनी दी है। कहा- 'जनसंख्या वृद्धि दर में अंतर और धर्मांतरण राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर संकट हो सकता है। अलग अलग धार्मिक समुदायों की जनसंख्या में असंतुलन देखते हुए नीति पर विचार जरूरी है।'

भागवत बोले 1951-2011 के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में भारी अंतर रहा। जनसंख्या में जहां हिंदुओं सहित देश में जन्मे धर्मो के नागरिकों की आबादी 88% से घटकर 83.8% रह गई। वहीं मुस्लिम जनसंख्या का अनुपात 9.8% से बढ़कर 14.23 % हो गया।

सम्पादक,प्रकाशक,मुद्रकः शशिकान्तजोशी, जयन्ती प्रकाशन लक्ष्मणगढ़ (सीकर) राजस्थानकृष्णाप्रिन्टर्स के लिये सागरकम्प्यूटर, जयपुर द्वारा मुद्रित,प्रबन्ध सम्पादक- डॉ महेन्द्रआचार्य, समाचार सम्पादक- भानुप्रकाश जोशी